तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026

पेट्रोल पंप संचालक ने कहा डिब्बे के लिए कलेक्टर की.... 14



ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ उठाकर जीवन स्तर में सुधार .... 15





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

**इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा सांसद फूलोदेवी का आगमन आज



**जगदलपुर।** बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर ग्रामीण कल 12 मई को दोपहर 3:30 बजे राज्यसभा सांसद व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के शहर आगमन पर राजीव भवन में स्वागत करेगा। अध्यक्ष लता निषाद तथा चंपा ठाकुर ने सभी कांग्रेसियों से पहुंचने की अपील की है।

### उप-निर्वाचन की घोषणा के साथ संपत्ति विरूपण पर लगा प्रतिबंध

**जगदलपुर।** नगर के इंदिरा गांधीवार्ड वार्ड क्रमांक 16 के लिए उप-निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। अधिसूचना के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने सार्वजनिक और निजी संपत्तियों की सुरक्षा हेतु सख्त दंडात्मक आदेश जारी किए हैं। आज 11 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान संपत्तियों को शेष पेज 14 पर

### हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे : महापौर

# गंगामुंडा तालाब होगा विकसित, 3.45 करोड़ से होंगे विकास कार्य : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत ऐतिहासिक गंगामुंडा तालाब के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 3 करोड़ 45 लाख 96 हजार की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा महापौर संजय पांडे उपस्थित रहे।

■ विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

इस परियोजना के अंतर्गत तालाब परिसर में पाथवे निर्माण, डामरीकरण तथा टो वॉल निर्माण किए जाएंगे। इनमें लगभग 1 करोड़ 97 लाख 84 हजार की लागत से पाथवे एवं डामरीकरण तथा 1 करोड़ 48 लाख 12 हजार की लागत से टो वॉल का निर्माण कराया जाएगा। करीब 175 एकड़ में फैला गंगामुंडा तालाब शहर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक पहचान है। नगर निगम समय-समय पर तालाब की सफाई और संरक्षण कार्य कर रहा हैं। विशेष



रूप से छठ पर्व के दौरान श्रद्धालु पहुंचते हैं। विधायक देव ने कहा कि गंगामुंडा तालाब केवल एक जलाशय नहीं बल्कि शहर की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान है। पूर्व में गंगामुंडा तालाब गहरी करण, पगडंडी को सीसी रोड बनाकर, पेड़ पौधे लगाकर टों वाल बनाया गया था। वार्डवासियों की मांग पर छठ पूजा को ध्यान में रखकर घाटों के निर्माण किया गया था। अब कार्य को आगे बढ़ाते हुए इसका पूर्ण सौंदर्यकरण निगम कर रहा है। गंगामुंडा तालाब को नया स्वरूप दिया जा रहा है। महापौर ने कहा कि हमने इसे बनाया था, हम ही इसे संवारेंगे। तालाब के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार प्रयास हो रहा है। तालाब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर रोक लगाने के साथ इसे शहर का सबसे सुंदर और स्वच्छ तालाब बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भगवान भोलेनाथ विराजित इस जलाशय के पुरे परिधि में पाथ वे बनाकर चारों तरफ लाइटिंग कर स्ट्रीट लाइट लगाएं जाएंगे। इसमें गंदे पानी का प्रवाह पूरी तरह से रोका जाएगा शेष पेज 14 पर

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिश बेशरा, आर्यद्र सिंह आर्य, नरसिंह राव, ललिता बघेल, एमआईसी सदस्य गण सुरेश गुप्ता, योगेंद्र पांडे, ,राणा घोष, कलावती कशेर, त्रिवेणी रंधारी आलोक अवस्थी, पश्चिम मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, मनोहर दत्त तिवारी, अनिल लुक्कड़, दिगंबर राव, सहित पार्षदगण यशवंत ध्रुव, हरीश पारेख, आशा साहू, खगेन्द्र सिंह ठाकुर,श्याम सुन्दर बघेल, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, इंजीनियर अशोक कोर्राम, विमल सिंह गोयल सहित भाजपा पदाधिकारी व निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## आत्मानंद विद्यालय की कक्षा पहली में लॉटरी से हुआ प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश पर लॉटरी निकालकर सीटों का आवंटन किया गया। संस्था परिसर में शासन के नियमानुसार एवं पारदर्शिता से अभिभावकों, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों के समक्ष प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रवेश के लिए 172 आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए। आवेदनों की जांच में 134 विद्यार्थी पात्र हुए जिसमें 50 विद्यार्थियों का लॉटरी से चयन किया गया। हिन्दी माध्यम में कक्षा पांचवीं, छठवीं एवं सातवीं कक्षा में सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी द्वारा सीटों का आवंटन किया गया। अभिभावक 20 मई तक चयनित विद्यार्थियों का आवश्यक दस्तावेज जमा एवं सत्यापन करा सकेंगे। बीपीएल श्रेणी में चयनित विद्यार्थियों के अभिभावक का सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित आय प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। जानकारी असत्य या अधूरी होने पर प्रवेश निरस्त किया शेष पेज 14 पर

■ 172 आनलाइन आवेदन में 134 पात्र पाए गए

## 16वें वित्त की राशि नहीं मिलने से पंचायतों में काम हुए ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला के नेतृत्व में जनपद सदस्यों ने विकासखण्ड दरभा में 16वें वित्त की राशि का आवंटन व अमृत जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य पूर्ण करने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जनपद सदस्यों ने बताया कि दरभा ब्लाक में 16वें वित्त की राशि का आवंटन नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधा के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। ग्राम पंचायतों और जनपद स्तर पर विकास कार्यों की गति को बनाए रखने के लिए 16वें वित्त की राशि का समय पर आवंटन आवश्यक है। पंचायतों में मूलभूत अधोसंरचना नाली शेष पेज 14 पर

■ मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीणों को नहीं मिल रही

#### नदी एवं झरिया का पानी पी रहे ग्रामीण

बताया गया कि ग्राम पंचायतो में अमृत जल मिशन के कार्य अधूरे पड़े हैं जिससे पेयजल की समस्या बनी हुई हैं। ग्रामीणों को नदी एवं झरिया का पानी पीना पड़ रहा है। पाइपलाइनें और टंकियां नहीं हैं। भीषण गर्मी में गंभीर संकट का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। कई गांवों में जल आपूर्ति ठप है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि जल्द ग्राम पंचायतों में बंद पड़ी नल-जल योजनाओं को चालू नहीं किया गया और ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन हेतु बाध्य होंगे।



**खबर संक्षेप**



### केंद्रीय मंत्री के आगमन के पहले तैयारी की समीक्षा

**जगदलपुर।** जगदलपुर में आगामी दिनों में अति विशिष्ट व्यक्तियों केंद्रीय मत्री के प्रवास के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर कमिश्नर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर संभाग के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। सभी तैयारियां एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पूर्व सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, डीएफओ उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में बस्तर संभाग के अन्य जिलों के अधिकारी वर्चुअल तौर पर जुड़े रहे।

### उपचुनावा अधिसूचना के साथ हुई धारा 163 लागू

**जगदलपुर।** जिला मजिस्ट्रेट आकाश छिकारा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय चुनाव प्रचार के दौरान होने वाली राजनीतिक रैलियों, जुलूसों और आम सभाओं में संभावित विवादों को रोकने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब निर्वाचन क्षेत्र के भीतर किसी भी सार्वजनिक स्थान, जुलूस या सभा में धारदार हथियार, लाठी, बल्लम, तलवार या अन्य किसी भी प्रकार के घातक अस्त्रों का प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच आलोचना या मतभेद के फलस्वरूप शांति भंग होने की प्रबल संभावना रहती है। जिससे जनजीवन और लोक संपत्ति को खतरा हो सकता है। इसी खतरे के निवारण और मतदाताओं को एक भयमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए उक्त धारा के प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# जर्जर सड़क के विरोध में फूटा आक्रोश, गोड़मा से बड़ेडोंगर तक निकली विशाल पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

ब्लाक के बड़ेडोंगर (लाटापारा) से कोनगुड़ तक की बदहाल सड़क को लेकर सोमवार को लोगों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में गोड़मा से बड़ेडोंगर तक विशाल पदयात्रा निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। पदयात्रा में शामिल ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने जल्द सड़क निर्माण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। पदयात्रा और प्रदर्शन में कोंडागांव व नारायणपुर जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। आम आदमी पार्टी कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सुकू राम नाग ने बताया कि करीब छह माह पहले भी सड़क निर्माण को लेकर चक्का जाम कर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी स्वीकृति पत्र दिखाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बड़ेडोंगर से कोनगुड़ तक सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। कई जगहों पर सड़क की स्थिति तालाब जैसी हो गई है, जिससे ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण एम्बुलेंस तक बीच रास्ते में फंस जाती है।

### छह माह पहले भी किया गया था चक्काजाम



#### क्षेत्र की हो रही अनदेखी

सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष नरेंद्र नाग ने कहा कि बस्तर प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद विकास से वंचित है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर क्षेत्र की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी बस्तर में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है।

## जिले में पेट्रोल- डीजल संकट गहराया, पांच में से चार पेट्रोल पंप में स्टॉक खत्म

# पेट्रोल पंप संचालक ने कहा- डिब्बे के लिए कलेक्टर की अनुमति लाओ, किसान- ट्रैक्टर संचालकों ने घर के सामने डेरा डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

जिले में पिछले चार दिनों से पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत बनी हुई है। जिले के पांच पेट्रोल पंपों में से चार पर डीजल का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि एकमात्र संचालित पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लग रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों, ट्रैक्टर संचालकों, माइंस परिवहन और निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों को हो रही है। डिब्बों में डीजल नहीं मिलने से नाराज किसान और ट्रैक्टर चालक डिब्बे लेकर कलेक्टर निवास में सुबह पहुंच गए थे और वहां प्रदर्शन करते हुए अपनी समस्या प्रशासन के सामने रखी।

जिले में अचानक गहराए डीजल संकट ने आम जनजीवन से लेकर कृषि और परिवहन व्यवस्था तक को प्रभावित कर दिया है। जिले के पांच पेट्रोल पंपों में से चार में डीजल का स्टॉक खत्म हो चुका है। ऐसे में एकमात्र पेट्रोल पंप पर डीजल लेने वालों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। सुबह से लेकर देर रात तक वाहन चालक अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित किसान वर्ग हो रहा है। हाल ही में हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद खेतों की जुताई का काम शुरू होना था, लेकिन ट्रैक्टरों में डीजल नहीं होने के कारण कृषि कार्य ठप पड़ने की स्थिति में पहुंच गया है। किसानों का कहना है कि खेती के इस महत्वपूर्ण समय में डीजल की कमी से उनकी पूरी तैयारी प्रभावित हो रही है।





#### माइंस परिवहन से जुड़े ट्रकों के पहिये थमने लगे

वहीं माइंस परिवहन से जुड़े ट्रकों के पहिए भी थमने लगे हैं। नारायणपुर क्षेत्र में संचालित माइंस से जुड़े ट्रांसपोर्ट कार्य प्रभावित होने लगे हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है। सवारी वाहन और कमर्शियल वाहन संचालकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही डीजल आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। खेती, परिवहन, निर्माण और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में इसका व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

#### जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कि जाए : नेताम

पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनू नेताम का कहना हैं कि जिले में गहराया डीजल संकट अब आम समस्या से बढ़कर जनजीवन और अर्थव्यवस्था से जुड़ा बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। किसान, व्यापारी, वाहन चालक और ग्रामीण लगातार परेशान हैं। प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती हैं जल्द से जल्द डीजल आपूर्ति बहाल कर स्थिति को सामान्य करने की मांग की है, ताकि कृषि कार्य, निर्माण गतिविधियां और परिवहन व्यवस्था फिर से पटरी पर लौट सके।

#### डिपो से नहीं आ रही सप्लाई

पेट्रोल- डीजल की सप्लाई डिपो से नहीं आ रही है। इसकी वजह से परेशानी हो रही है। - अलाउद्दीन, फूड अधिकारी

#### कलेक्टर निवास के सामने डिब्बों के साथ डाला डेरा

डीजल नहीं मिलने से नाराज किसान और ट्रैक्टर संचालक डिब्बे लेकर कलेक्टर निवास पहुंच गए। उनका कहना था कि पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा डिब्बों में डीजल देने से मना किया जा रहा है और कलेक्टर की अनुमति लाने की बात कही जा रही है। इसी वजह से ग्रामीण और किसान अपनी समस्या सीधे प्रशासन तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर आवास पहुंचे। हालांकि सुरक्षा गार्डों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया, जिसके बाद लोगों ने बाहर ही डेरा डाल दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कई छोटे व्यापारी गन्ना जूस मशीन जैसे उपकरण डीजल से चलाते हैं। ऐसे उपकरणों को पेट्रोल पंप तक लाना संभव नहीं होता, इसलिए वे डिब्बों में डीजल लेकर जाते हैं। इसके अलावा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कई ट्रैक्टर खेतों में ही खड़े रहते हैं । उन्हें 30 से 50 किलोमीटर दूर पेट्रोल पंप तक लाना आर्थिक रूप से भारी पड़ता है। कई बार ट्रैक्टरों में डीजल पूरी तरह खत्म हो जाता है, ऐसे में डिब्बों के माध्यम से ही गांव तक डीजल पहुंचाया जाता है। डीजल संकट का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है। जिले में चल रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण, सड़क निर्माण, भवन निर्माण और अन्य विकास कार्य भी प्रभावित होने लगे हैं। निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहन डीजल के अभाव में खड़े हो रहे हैं।

## जिले में शुरू हुई डायल 112 आपातकालीन सेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में आज से डायल–112 आपातकालीन सेवा का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। अब जिले के नागरिकों को पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन या अन्य आपात सेवा के लिए केवल 112 नंबर डायल करना होगा। डायल–112 सेवा सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे संचालित रहेगी। कॉल प्राप्त होते ही आधुनिक कॉल सेंटर के प्रशिक्षित ऑपरेटर तुरंत जानकारी लेकर संबंधित सेवा को सक्रिय करेंगे। इस सेवा में जीपीएस आधारित प्रणाली, कॉल रिकॉर्डिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग और क्विक रिस्पॉन्स टीम की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे घटनास्थल पर तेजी से मदद पहुंचाई जा सकेगी। सेवा के सुचारू संचालन के लिए कोंडागांव पुलिस द्वारा कर्मचारियों, कॉल सेंटर ऑपरेटरों, कंट्रोल रूम स्टाफ और क्विक रिस्पॉन्स टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

■ अब एक कॉल की दूरी पर मिलेगी मदद

#### ऐतिहासिक कदम, लक्ष्य के साथ करेगी कार्यः एसपी

पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने कहा कि डायल–112 का शुभारंभ नागरिक सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रशिक्षित टीम 10 से 15 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचने के लक्ष्य के साथ कार्य करेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों एवं टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि डायल–112 पर आने वाली प्रत्येक कॉल को उच्च प्राथमिकता दी जाए।

#### नागरिकों से सहयोग की अपील

जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि आपात स्थिति में तुरंत 112 डायल करें और अनावश्यक कॉल कर सेवा बाधित न करें। इस नंबर को अपने मोबाइल में सेव रखने की भी अपील की गई है।

## जिला रोजगार कार्यालय में 14 मई को प्लेसमेंट कैंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले के शिक्षित एवं अशिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 14 मई को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा। यह प्लेसमेंट कैंप कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। कैंप में विभिन्न निजी प्रतिष्ठानों द्वारा कुल 954 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें कोण्डागांव सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्य करने के इच्छुक युवाओं को अवसर मिलेगा। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा। एसकेवाई ऑटोमोबाइल कोण्डागांव द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर एवं रिसेप्शनिस्ट पदों पर भर्ती की जाएगी। सेल्फ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस भिलाई द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर एवं लेबर पदों पर भर्ती होगी। तकनीकी और सेवा क्षेत्र में भी अवसर – होम क्लीन सर्विस संस्था द्वारा इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर, सीसीटीवी सर्विस, पेंटर, कुक, पियून, बाइक मैकेनिक एवं ब्यूटीशियन पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आशा एक उम्मीद की किरण संस्था द्वारा एचआर एग्जीक्यूटिव, स्टोरकीपर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, मैकेनिक, सुपरवाइजर, क्वालिटी ऑफिसर, सिक्योरिटी गार्ड, हाउसकीपिंग स्टाफ, सिलाई मशीन ऑपरेटर एवं हेल्पर पदों पर भर्ती की जाएगी।

#### योग्यता और वेतन

अधिकांश पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं एवं स्नातक निर्धारित की गई है।

## बस्तर मुन्ने कार्यक्रम में गांव गांव में लगेंगे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ दिलाने के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में ग्राम स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और मौके पर आवेदन लेकर निराकरण किया जाएगा। शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा, साथ ही पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविरों के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभारी और सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों और मैदानी अमले को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कोण्डागांव जनपद पंचायत अंतर्गत 13, 15, 18, 20 और 22 मई 2026 को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत 12 मई 2026 को बेलोण्डी, पुसापाल, कोसाहरदुली, जरण्डी, मिरमिण्डा, छोटेअमरावती, राकसबेड़ा सहित अन्य गांवों में शिविर आयोजित होंगे। जनपद पंचायत केशकाल अंतर्गत 12 मई से 19 मई 2026 तक विभिन्न ग्रामों में चरणबद्ध तरीके से शिविर लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणजनों से अपील की है कि वे अपने गांव में आयोजित शिविरों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लें और लाभ प्राप्त करें।

#### जिला पंचायत की सामान्य सभा 20 को

*कोण्डागांव। जिला पंचायत कोण्डागांव की सामान्य सभा की बैठक 20 मई को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों तथा प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा किए जाने की संभावना है।*

## गोबरहीन शिव मंदिर में गूंजा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व', आस्था और संस्कृति का दिखा भव्य संगम

■ केशकाल विधायक नीलकंठ के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव/केशकाल

केशकाल विकासखंड के ऐतिहासिक एवं प्राचीन गोबरहीन शिव मंदिर परिसर में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक गौरव के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से देखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने सबसे पहले प्राचीन गोबरहीन शिव मंदिर में पूजा–अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में पारंपरिक धार्मिक माहौल और श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।

#### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, संतोष कटारिया, राजकिशोर राठी, वीरेंद्र बघेल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार, जनपद पंचायत सीईओ अनुराग सिन्हा, सरपंच गढ़धनोरा, सरपंच बटराली सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक गौरव के संगम के रूप में आयोजित यह सोमनाथ स्वाभिमान पर्व क्षेत्र में लंबे समय तक याद किया जाएगा।

#### सोमनाथ हमारी आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक : विधायक टेकाम

विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ देशभर में सांस्कृतिक चेतना का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिलेभर में भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर सांस्कृतिक विरासत को स्मरण किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि गढ़धनोरा स्थित गोबरहीन शिव मंदिर छठवीं शताब्दी की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है, जहां हर वर्ष महाशिवरात्रि पर विशाल मेले का आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि मंदिर क्षेत्र को संरक्षित करने और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। विधायक टेकाम ने अपने संबोधन में सोमनाथ मंदिर के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि मंदिर पर अनेक बार आक्रमण हुए, लेकिन उसकी आस्था और परंपरा को कभी समाप्त नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह पर्व स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है, जो भारतीय संस्कृति और गौरव का प्रतीक है।

#### कलेक्टर ने पर्यटन विकास पर दिया जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विधायक नीलकंठ टेकाम के मार्गदर्शन में गढ़धनोरा क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कोंडागांव को सांस—तिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक पहचान के रूप में नई दिशा मिलेगी।

### 1 मई से लगातार जनप्रतिनिधियों को सौंपे जा रहे मांगपत्र

# बिजली कर्मचारियों की मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने प्रदेशभर में बिजली कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आंदोलनात्मक अभियान शुरू कर दिया है। मजदूर दिवस 1 मई से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों की ओर ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी को भी यूनियन की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कर्मचारियों के हितों से जुड़ी कई प्रमुख मांगें उठाई गई हैं। यूनियन ने ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग के रूप में विद्युत कंपनियों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की बात रखी है। कर्मचारियों का कहना है कि नई पेंशन व्यवस्था में भविष्य की



सामाजिक सुरक्षा कमजोर हो गई है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियन नेताओं का कहना है कि प्रदेश के हजारों विद्युत कर्मचारी वर्षो् से सेवा दे रहे हैं और उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षित भविष्य मिलना चाहिए। ज्ञापन में वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। यूनियन का कहना है कि लंबे समय से कार्य कर रहे संविदा कर्मचारी कंपनी के नियमित कार्यों का संचालन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक स्थायी लाभ नहीं मिल पाया है। कर्मचारियों ने सरकार और प्रबंधन से मांग की है कि संविदा कर्मियों को शीघ्र नियमित कर स्थायित्व प्रदान किया जाए। ज्ञापन के अंत में यूनियन पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों और शासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर सकारात्मक पहल करने की अपील की है। ज्ञापन पर प्रांतीय सचिव जोजो कक्कड़ तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामजीत सिंह के हस्ताक्षर हैं।

#### रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने से बढ़ा दबाव

यूनियन ने बिजली कंपनियों में बड़ी संख्या में रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारियों की भारी कमी के कारण मेंटेनेंस, सुधार एवं बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रें में कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ने से सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

#### आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग

ज्ञापन में आउटसोसिंर्ग एवं ठेका प्रथा को समाप्त करने की मांग भी की गई है। यूनियन का कहना है कि ठेका व्यवस्था के कारण कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य वातावरण और उचित वेतन नहीं मिल पा रहा है। यूनियन ने मांग की कि कर्मचारियों के हित में सुरक्षित कार्यस्थल, उचित वेतन व्यवस्था और श्रमिक अधिकार सुनिश्चित किए जाएं।

## पेज 13 के शेष

#### गंगामुंडा तालाब होगा....

और पानी को बरसात के स्वच्छ पानी से भरा जायेगा। आगे चलकर इसमें वाटर एडवेंचर और मोटर बोट भी चलाई जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा ने भी अपनी बातें रखी। संचालन राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा एवं आभार कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज ने किया।

#### आत्मानंद विद्यालय में....

जाएगा। 20 मई के पश्चात वेटिंग लिस्ट से विद्यार्थियों को चुना जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया में जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि ए.पी.सी सूरज निर्मलकर एवं ए.डी.पी.ओ जयंती कश्यप, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य चंद्रशेखर साव, प्राचार्य मनीषा खत्री, प्रवेश प्रभारी टी. रुचिका, मनिंदर रेवतकर, चेतना सिंह, नम्रता सिंह, सौम्या देवांगन, मिली साव, पूर्णिमा टंडन और काजल रथ मौजूद थे।
11वीं में प्रवेश के लिए 2 जून को होगी परीक्षा : अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 11वीं गणित, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य के 25-25 रिक्त सीटों के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित प्रवेश परीक्षा 2 जून को आयोजित की जाएगी। मेरिट लिस्ट द्वारा संकायवार प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों को 10वीं की अंकसूची जमा करनी होगी। जिनका परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुआ है वे भी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है।

#### 16वें वित्त की राशि ....

निर्माण, सीसी रोड और स्वच्छता संबंधी कार्य रुके हुए हैं। पेयजल योजनाओं और सार्वजनिक संपत्तियों के रखरखाव में कठिनाई आ रही है। पंचायतों के दैनिक कार्यों और आवश्यक भुगतान में विलंब हो रहा है। 16वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त होने वाली राशि को निर्धारित मापदंडों के अनुसार जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर शीघ्र जारी करें। साथ ही आबंटन की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए ताकि जमीनी स्तर पर कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।
ये रहे उपस्थितः इस दौरान टीवी रवि, मानसिंह बघेल, मुन्ना लाल कश्यप, अल्ताफ उल्ला खान, विजेन्द्र ठाकुर जनपद सदस्य बलिराम बघेल, कंचन कश्यप, दिव्या पोयाम, सरपंच सीताराम, गीता नाग, साकाराम बघेल, बुधरू, गुड़िया कश्यप,उप सरपंच जयदेव नाग, कमलसाय,सुखराम मौजूद रहे।

#### उप-निर्वाचन की घोषणा ....

विरूपित होने से बचाने के लिए छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक विशेष कार्ययोजना लागू की गई है। कलेक्टर के आदेशानुसार किसी भी शासकीय अशासकीय भवन, बिजली के खंभों, टेलीफोन के टावरों या अन्य सार्वजनिकढांचों पर बिना अनुमति के नारे लिखना, पोस्टर चिपकाना या झंडे लगाना अब दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। यदि कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उस पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और संबंधित अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार



**गीदम।** दंतेवाड़ा जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गीदम अमित बेरिया के नेतृत्व में थाना गीदम पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। थाना गीदम पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मुर्गा बाजार के पास बैग में अंग्रेजी शराब एवं बीयर रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई एवं संदेही व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कन्हैया लाल यादव निवासी गीदम बताया। आरोपी के कब्जे से एक काले रंग के बैग में रखी अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की गई। जप्त शराब में ग्रेण्ड कोलम्बिया स्पेशल व्हीस्की 180 एमएल की कुल 35 नग एवं कांगरो 10000 स्ट्रांग बीयर 650 एमएल की कुल 10 नग शामिल है। साथ ही आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 620 रुपये भी जप्त की गई। कुल जप्ती की अनुमानित कीमत लगभग 6200 रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में राजकुमार सिंह, हुंगाराम कडती, देवचरण मरकाम, देवेन्द्र नेताम एवं हरिराम यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मत्स्य पालन को बढ़ावा देने ग्रामीणों को जोड़ने पर जोर



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप ने रविवार को नैमेड़ स्थित फिश हैचरी, सेन्ट्रल लाईब्रेरी एवं पुनर्वास केंद्र बीजापुर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मत्स्य पालन, शिक्षा, कौशल विकास एवं पुनर्वास गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। नैमेड़ फिश हैचरी निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग ने मछली बीज उत्पादन तथा पंचायतों, समूहों एवं व्यक्तिगत हितग्राहियों को सस्ती दरों पर गुणवत्तायुक्त मछली बीज उपलब्ध कराने की जानकारी दी। कलेक्टर ने बीजापुर में मत्स्य पालन एवं बाजार की संभावनाओं को अनुकूल बताते हुए अधिक से अधिक किसानों को गुणवत्तायुक्त मछली बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, सड़क, राशन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप ने बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर सड़क, बिजली, पानी, राशन वितरण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, कनेक्टिविटी तथा ग्रामीण सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर गंगालूर मार्ग से होते हुए पीड़िया, हिरोली, कावंडगांव, मुतवेंडी, तरेम, बासागुड़ा एवं आवापल्ली का दौरा कर वापस बीजापुर पहुंचे।

कलेक्टर ने पामलवाया नर्सरी का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध फलदार पौधों की जानकारी ली। उन्होंने नर्सरी को विकसित करने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक संख्या में पौध तैयार कर बाउंड्री वॉल युक्त संस्थानों में पौधारोपण के लिए उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने गंगालूर में स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य नागरिक सुविधाओं की जानकारी ली तथा निर्माणाधीन अधोसंरचना कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 12 मई को आयोजित होने वाले सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**कलेक्टर का सुदूर अंचलों का व्यापक दौरा**



### युवती को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

राशन लेने पहुंची नैनपाल निवासी युवती गुंजन हेमला से चर्चा के दौरान पता चला कि 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद वह आगे की पढ़ाई नहीं कर रही है। कलेक्टर ने उन्हें उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने हेतु एसडीएम को निर्देश दिए। दौरे के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन पीएमजीएसवाई एवं अन्य सड़कों का भी अवलोकन किया और कार्यों में गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए।

### एड़समेटा गांव तक पहुंचेगा राशन

ग्राम पंचायत बुरजी में राशन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा की। इस दौरान एड़समेटा के ग्रामीणों ने बताया कि बुरजी से गांव की दूरी 12-13 किलोमीटर होने के कारण राशन लेने में कठिनाई होती है। इस पर कलेक्टर ने उपस्थित एसडीएम को ट्रैक्टर के माध्यम से एड़समेटा गांव में ही राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बुरजी राशन दुकान एवं आसपास निर्माणाधीन कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सड़क से राशन दुकान तक सीसी सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा।

## सुशासन तिहार में उमड़े लोग

# ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ उठाकर जीवन स्तर में सुधार लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम पंचायत भद्रकाली में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्राम पंचायत कोत्तूर, चंदूर, भद्रकाली, बामनपुर, अर्जुनल्ली, रुद्रारम, चेरपल्ली एवं संण्ड्रापल्ली के हजारों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही समस्याओं का समाधान भी किया गया।

शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता कुड़ेम एवं जनपद उपाध्यक्ष नीलम गनपत ने

- कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण मौके पर ही कई आवेदनों का निराकरण

ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

शिविर में कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर विश्वदीप ने शिविर में लगाए गए 24 विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही सुनिश्चित किया जाए।



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह मुक्त बीजापुर का संकल्प भी दिलाया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को व्हील चेयर, वॉकिंग स्टिक सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। वहीं शिविर में प्रधानमंत्री आवास, मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आईस बाक्स,श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बी-1 खसरा सहित विभिन्न प्रमाण पत्र एवं योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया।

शिविर में जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित।

### गांव-गांव तक पहुंचा सुशासन तिहार : कलेक्टर

शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार को गांव-गांव तक पहुंचाया गया है। इससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं और मांगों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा अमला शिविर में मौजूद है, इसलिए ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर में सुधार लाएं।

कलेक्टर ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिकों को बच्चों के जन्म पर सहायता राशि, विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, बीमा, सिलाई मशीन सहित कई सुविधाएं दी जाती हैं। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को श्रमिक पंजीयन एवं श्रम कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने पीएम किसान योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक जैसी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही कहा कि शासन की अधिकांश योजनाओं में डीबीटी के माध्यम से राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है, इसलिए आधार कार्ड एवं बैंक खाता होना अनिवार्य है। कलेक्टर ने बताया कि जिन ग्रामीणों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, वे बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत घर बैठे दस्तावेज बनवा सकते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन, एग्रीस्टेक में शत-प्रतिशत पंजीयन तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के व्यापक क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए।

### बीजापुर अब नक्सल मुक्त, विकास में सबकी भागीदारी जरूरीः एसपी

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने कहा कि बीजापुर अब नक्सल मुक्त हो चुका है और वर्षों से रुके विकास कार्यों को अब नई गति मिल रही है। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा शासन-प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग लेने की अपील की।

# नक्सल मुक्त बीजापुर में विकास को मिलेगी गति : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जिले में नवपदस्थ कलेक्टर विश्वदीप ने सोमवार को जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर जिले के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। प्रेसवार्ता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि नक्सल मुक्त बीजापुर में अब

- बीजापुर अब विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा

विकास को नई गति देने का समय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के गुणवत्तापूर्ण विस्तार को प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बीजापुर चार दशकों तक माओवाद के प्रभाव से जूझता रहा, जिसके कारण विकास कार्य प्रभावित हुए। अब बदलते हालात में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और सामुदायिक सहभागिता के साथ जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा। नियद नेल्लानार और बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के व्यापक क्रियान्वयन तथा सुशासन तिहार पर विस्तृत चर्चा हुई।

### जिले के विकास में मीडिया की भूमिका अहम

कलेक्टर ने मीडिया को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मीडिया प्रशासन और जनता के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करता है तथा जनसमस्याओं को शासन तक पहुंचाने में अहम योगदान देता है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि विकास कार्यों की वास्तविक तस्वीर सामने लाने में पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

### पत्रकारों ने साझा किए अपने अनुभव

प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने पूर्व में जिले में कवरेज के दौरान आए अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया। पत्रकारों ने बदलते हालात पर संतोष व्यक्त करते हुए जिले के विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता और सहयोग का आश्वासन दिया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में गूंजे शिवभक्ति का स्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

भारत की सांस्कृतिक एकता, धार्मिक गौरव और सनातन आस्था के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक स्थित पेरमापारा के प्राचीन शिव मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिवभक्तों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान शिव की आराधना



की तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में गुजरात के प्रभास पाटन स्थित ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनवी द्वारा किए गए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। यह पर्व भारत की सांस्कृतिक दृढ़ता, आत्मगौरव और पुनर्जागरण का प्रतीक माना जा रहा है। सोमनाथ मंदिर 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रतिष्ठित है, जिसका उल्लेख शिवपुराण, स्कंदपुराण, श्रीमद्भागवत तथा ऋग्वेद जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है।

# आर्ट-क्राफ्ट, नृत्य और रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली

छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति भवन बचेली में संचालित समर कैम्प के दौरान मातृ शक्ति दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

समिति के महासचिव महेंद्र कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाल विकास समिति द्वारा प्रत्येक रविवार बाल विकास कक्षाएं संचालित की जाती हैं। साथ ही 1 अप्रैल से प्रारंभ हुआ समर कैम्प जून माह तक जारी रहेगा। समर कैम्प में बच्चों को प्रशिक्षित करने का दायित्व हर्षिता बीआईओपी किरंदुल में शिक्षिका एवं



शिल्पा मैडम द्वारा निभाया जा रहा है।

शिक्षिका हर्षिता ने बताया कि इस बार शिविर का मुख्य उद्देश्य एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग के माध्यम से बच्चों को सीखने के साथ रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। सुबह और शाम संचालित होने वाले इस शिविर में बच्चों को पेंटिंग, डांस, कहानी लेखन, आर्ट एंड क्राफ्ट सहित व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को मोबाइल स्क्रीन से दूर रखते हुए रचनात्मक और सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखना बेहद आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर ढंग से हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन एनएमडीसी बचेली अलका मैडम, सहायक प्रबंधक मानव संसाधन परितोष मिश्रा सहित वरिष्ठ मातृ शक्तियां, वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

बच्चों द्वारा निर्मित आर्ट एवं क्राफ्ट अतिथियों को भेंट स्वरूप प्रदान किए गए तथा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन लोकेश कुमार साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शिल्पा ने किया। उत्साह और संस्कारों से भरा यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**शपथ पत्र**

मैं श्रेयश सिंह उम्र 26 वर्ष पिता यशवंत सिंह, निवासी 426 विद्या ज्योति स्कूल रोड, दंतेश्वरी वार्ड नं. 20, जगदलपुर, जिला बस्तर छत्तीसगढ़ 494001 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Shreyash Singh S/o. Yashwant Singh R/o. Danteshwari Ward No. 20 Jagdalpur Dist. Bastar C.G. 494001 अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 20160002627 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम Shreyash Singh S/o. Yeshwant Singh, R/o. 426 Vidya Jyoti School Road, Danteshwari Ward No. 20 Jagdalpur, Po. Jagdalpur Dist. Bastar Chhattisgarh 494001 अंकित है जिसका आधार नंबर 8278 1414 7345 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम- Shreyash Singh S/o. Yashwant Singh R/o. Danteshwari Ward No. 20 Jagdalpur Dist. Bastar C.G. 494001 के स्थान पर Shreyash Singh S/o. Yeshwant Singh, R/o. 426 Vidya Jyoti School Road, Danteshwari Ward No. 20 Jagdalpur, Po. Jagdalpur Dist. Bastar Chhattisgarh 494001 दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**शपथ पत्र**

मैं मणि प्रसाद साव उम्र 72 वर्ष पिता ओला प्रसाद साव, निवासी जी 21 जलाराम मंदिर कंपाउंड डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नं. 39 जगदलपुर, जिला बस्तर छत्तीसगढ़ 494001 आधार नंबर 5169 0940 2420 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Mani Prasad Sao S/o. O.P. Sao, R/o. Kumhar Para Jagdalpur Dist. Bastar 494001 CG अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 19900000577 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम Mani Prasad Sao S/o. Ola Prasad Sao, R/o. G/21 Jalaram Mandir Compound, Dr. Shyama Prasad Mukherji Ward No. 39 Jagdalpur Dist. Bastar, Chhattisgarh 494001 अंकित है जिसका आधार नंबर 5169 0940 2420 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम Mani Prasad Sao S/o. O.P. Sao, R/o. Kumhar Para Jagdalpur Dist. Bastar 494001 के स्थान पर Mani Prasad Sao S/o. Ola Prasad Sao, R/o. G/21 Jalaram Mandir Compound, Dr. Shyama Prasad Mukherji Ward No. 39 Jagdalpur Dist. Bastar, Chhattisgarh 494001 दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं ।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 11/05/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सोमारू बघेल पिता गागरा जाति धुरवा निवासी ग्राम मण्डवा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने बहन लखमी बघेल पिता काना बघेल का मृत्यु तिथि 05/01/2024 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत मण्डवा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य मे मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 25/05/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषण आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 25/05/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 11/05/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सोमारू बघेल पिता गागरा जाति धुरवा निवासी ग्राम मण्डवा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पुत्र सोनू राम बघेल पिता सोमारू बघेल का मृत्यु तिथि 06/03/2022 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत मण्डवा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 25/05/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषण आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 25/05/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 5/5/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखू कश्यप पिता पोता कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम सोसनपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता पोता कश्यप/डोमन कश्यप का मृत्यु तिथि 9/4/2008 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत सोसनपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 19/5/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 5/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 19/5/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 4/5/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनारू कश्यप पिता लुदूराम कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम कानाकुरूषपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता लुदूराम कश्यप/खूजा कश्यप मृत्यु तिथि 1/1/2009 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत सोसनपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 18/5/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 4/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 18/5/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 5/5/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सम्पत कश्यप पिता धनई कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम कानाकुरूषपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता बुदनी कश्यप/धनई कश्यप का मृत्यु तिथि 2/4/2008 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत सोसनपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 19/5/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 5/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 19/5/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 4/5/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सम्पत कश्यप पिता धनई कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम कानाकुरूषपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता धनई कश्यप/डोमन कश्यप का मृत्यु तिथि 5/2/2008 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत सोसनपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 18/5/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 4/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 18/5/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

# जनता और प्रशासन के बीच सीधे संवाद से समाधान : पाण्डेय

## सुशासन तिहार में 9 वार्ड के लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन तिहार में सोमवार को शहर के माहेश्वरी भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर निगम क्षेत्र के 9 वार्डों के नागरिक शामिल हुए। जिन्होंने अपनी समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया जिससे आमजन में संतोष और उत्साह देखने को मिला।

समाधान शिविर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, गुरु घासीदास, अब्दुल कलाम, माता संतोषी, महेंद्र कर्मा, अंबेडकर, बलिराम कश्यप, अनुकूल देव एवं स्वामी विवेकानंद वार्ड के नागरिकों ने भाग लिया।

### समस्याओं का तत्काल समाधान का मंच

महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच है। इन शिविरों में नागरिकों की शिकायतों और आवेदनों का हो पाता है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी लगातार किया जा रहा।



### ये रहे उपस्थित

शिविर में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद उर्मिला यादव, आशा साहू, गायत्री बघेल, गिरिजा गुप्ता, खगेन्द्र सिंह ठाकुर, रोशन सिसोदिया, दिलीप दास, राकेश मौर, सुशीला बघेल, अफरोज बेगम, परीसराम बेसरा एवं अन्य मौजूद रहे।

विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान किया।

शिविर में राशन कार्ड, श्रम, आयुष्मान, बिजली, पानी, साफ-सफाई, आवास योजना सहित विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कई मामलों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। वहीं अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। आयुष्मान, राशन एवं श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया शिविर स्थल पर पूरी की गई। जिससे नागरिकों को त्वरित सुविधा प्राप्त हुई।

## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम में मदर्स डे पर माताओं का सम्मान



जगदलपुर। आनंद वाहिनी और आदित्य वाहिनी के सदस्यों ने रविवार को आस्था निकुंज वृद्धाश्रम में मातृ दिवस पर माताओं का सम्मान किया। बहनों ने माताओं का हाल जाना और आशीर्वाद लिया।

### कोलाहल नियंत्रण अधिनियम प्रभावशील

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत उपचुनाव 2026 की अधिसूचना के साथ ही बस्तर जिले में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के साथ ही पूरे जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आकाश छिकारा ने आदेश जारी करते हुए पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। जारी इस आदेश के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बस्तर की सीमा के भीतर तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग और किसी भी प्रकार के अत्यधिक शोर को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसीलिए छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए अब तीव्र आवाजों, मोटर वाहनों के प्रेशर हॉर्न और मशीनों से होने वाले शोर पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। हालांकि निर्वाचन प्रचार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कुछ शर्तों के साथ अनुमति हेतु प्रावधान किया गया है। जिसके तहत चुनावी प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग केवल कम आवाज में सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा, यदि कोई उपयोग करना चाहता है, तो उसे संबंधित अनुविभागीय अधिकारी या कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## नशीली कैप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

# 1.69 लाख की नशीली कैप्सूल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने हाटकचोरा इलाके में रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्राहक का

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपियों को भेजा गया जेल

इंतजार कर रहे आरोपयों के कब्जे से 1.69 लाख की नशीली कैप्सूल बरामद किया गया है।

नशीली दवा बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था।

टीम को सूचना मिली थी कि ज्ञात हो कि थाना बोधघाट में हाटकचोरा बतख गोदाम चौक के पास दो लड़के अवैध प्रतिबंधित कैप्सूल रखकर बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे है। टीम द्वारा रेड कार्रवाई कर मौके से दो संदेही को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में



उन्होने अपना नाम नयन दीप सिंह उर्फ राजा 27 वर्ष तथा मोहित बघेल 23 वर्ष दोनों निवासी निवासी हाटकचोरा अनुकुल देव वार्ड का रहने वाले बताये। दोनों के संयुक्त कब्जे से अवैध प्रतिबंधित कैप्सूल के 53 पते कुल 424 नग कीमत 1 लाख 69 हजार 6 सौ रूपए बरामद किया गया जिसे बेचने दोनों ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

युवाओं को नशे की ओर धकेलने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर त्वरित कार्रवाई करने में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, युवराज ठाकुर, कामदेव दर्रो, मानकू कोर्राम, विजय तिर्की , अवतार पटेल, थानेंद्र सिन्हा, होरीलाल आर्यो, विपिन मिंज, राम ठाकुर व परमानंद भोयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चोकावाड़ा में चाकू लेकर लोगों को धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार थाना से लगे चोकावाड़ा में लोगों को चाकू लेकर डराने धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की। नगरनार पुलिस ने ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं आसामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश, सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची देखा तो आम रास्ते में आरोपी चंदन पटेल निवासी ग्राम चोकावाड़ा थाना नगरनार के द्वारा धारदार लोहे का चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमकाकर भयभीत कर गांव का माहौल खराब कर रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई दिनेश ठाकुर, आरक्षक नेलसन टोप्पो व नरेश कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## संजय बाजार में व्यवस्था को लेकर भारतीय किसान संघ का धरना प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भारतीय किसान संघ ने सोमवार को जिला मुख्यालय के संजय बाजार में बैठक कर धरना प्रदर्शन किया। किसान संघ ने नगर निगम

- आयुक्त ने मांगे स्वीकार करते दिया आश्वासन

आयुक्त से बाजार स्थल पर महिला किसानों को सब्जी बेचने के लिए साफ-सुथरी जगह, पेयजल, स्वास्थ्य परीक्षण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, सफाई व पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही मटन-मछली दुकानदारों को बाजार से बाहर व्यवस्थित करने की मांग रखी गई। नगर निगम आयुक्त ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष नील कुमार बघेल, कोषाध्यक्ष नन्द किशोर पाण्डेय, महिला प्रमुख जयंती नेताम, पर्यावरण प्रमुख रमेश ठाकुर, विद्युत प्रमुख नरेन्द्र सेठिया, सह मंत्री लखमी बघेल, उपाध्यक्ष सुनीता दास, सहकारिता प्रमुख वासुदेव कश्यप, तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर बघेल, मंत्री फाल्गुनी पटेल, बकावंड से चुन्नू लाल ठाकुर, महिला प्रमुख दुतिका नाग, बस्तर तहसील से कमल सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष जगदलपुर सहित संजय बाजार के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्राचीन शिव मंदिर में शिव तांडव की आकर्षक प्रस्तुत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर रियासत की पुरानी राजधानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर का प्रांगण उस समय भक्ति और राष्ट्रवाद के अनूठे संगम का साक्षी बना, जब यहां सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस

- बस्तर में मना सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

अवसर पर सोमनाथ मंदिर के उस अदम्य स्वाभिमान की गाथा भी गूंजी, जो सदियों के संघर्ष के बाद आज अपने पूर्ण वैभव के साथ खड़ा है। जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ में 11 पवित्र तीर्थों के जल से किए गए अभिषेक का उल्लेख करते हुए इसे भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक बताया।

उन्होंने मंदिर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज से लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर को जिस तरह नष्ट कर लूटपाट की गई थी वह भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय था। उसके बाद भी कई बार आक्रमणकारियों ने इस सनातन केंद्र को क्षति पहुंचाई, लेकिन हर बार महादेव के प्रति अटूट आस्था ने इसे वापस खड़ा कर दिया। उन्होंने याद दिलाया कि अंतिम बार 1951 में इस मंदिर के पुनर्निर्माण का महान कार्य संपन्न हुआ था और आज एक हजार वर्ष पूर्व हुई उस भीषण लूटपाट के पश्चात मंदिर के इसी अटूट स्वाभिमान और पुनर्निर्माण की याद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन पूरे देश में गौरव के



साथ किया जा रहा है। इस गरिमामयी उत्सव में जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल में भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन व अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी उपस्थित रहे।

### कत्थक शैली में भावपूर्ण प्रस्तुति

भक्ति की इस धारा को कलात्मक ऊंचाई देते हुए कलाकार निधि रावल और तरंग डांस एकेडमी की नन्हीं बालिकाओं ने कत्थक शैली में शिव तांडव की ऐसी ओजपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह में ऊर्जा का संचार कर दिया। वहीं गायत्री मानस परिवार बस्तर के शिव भजनों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। श्रद्धालुओं और भक्तों ने इस ऐतिहासिक संदर्भ वाले पर्व में हिस्सा लेकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गर्व व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि अपने भीतर कई अनसुलझे रहस्य और भव्य स्थापत्य समेटे हुए है। इसी गौरवशाली इतिहास का एक जीवंत प्रमाण ग्राम बस्तर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर है, जिसका निर्माण करीब एक हजार साल पहले छिंदक नागवंशी राजाओं द्वारा कराया गया था।

## जरूरतमंद गरीब बालिका को दाखिला दिलाकर पूरी पढ़ाई का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय परिसंघ के जिला अध्यक्ष सतीश वानखड़े ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने एक गरीब जरूरतमंद बालिका की शिक्षा

- प्रतिभाशाली बालिका आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित नहीं होगी

का संकल्प लेकर समाज में मानवता और शिक्षा के महत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज उन्होंने सीबीएसई बोर्ड के इंडियन पब्लिक स्कूल में 5 वर्षीय बालिका अरित्री मलिक का प्रवेश कराया। बालिका का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने स्कूल में दाखिला कराया और संपूर्ण शिक्षा का दायित्व स्वयं लेने का संकल्प लिया।

सतीश वानखड़े ने कहा कि शिक्षा सबसे प्रभावी माध्यम है।



जिसके द्वारा कोई भी बच्चा अपने जीवन को संवार सकता है और सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर हम अपने बच्चों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करते हैं, वहीं समाज में अनेक प्रतिभाशाली बच्चे केवल आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता भी अपने बच्चों को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी उनके सपनों में बाधा बन जाती है। ऐसे में समाज के सक्षम और जागरूक लोगों का कर्तव्य है कि वे आगे आएं और इन बच्चों का सहारा बनें।

उन्होंने बताया कि अरित्री से मुलाकात के दौरान उसकी प्रतिभा और समझ को देखकर विश्वास हुआ कि यह बालिका भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती है। कम उम्र में ही उसकी सीखने की क्षमता प्रभावशाली है जो उसके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

# हाटपदमुर में गर्म पानी में गिरने से मासूम झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर थाना क्षेत्र के ग्राम हाटपदमुर में खेलते खेलते गर्म पानी में गिरने से सवा साल का मासूम झुलस गया। सूचना मिलते ही नानगुर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को

- नानगुर पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, प्राथमिक उपचार के बाद मेकाज रेफर

परिजनों के साथ ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक बच्चे के झुलसने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर नानगुर पुलिस ने बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करया।

नानगुर टीआई गणेशराम यादव ने बताया कि ग्राम हातपदमुर नानगुर



क्षेत्र में रहने वाले राजमन बघेल का बच्चा छोटू बघेल उम्र एक वर्ष दो माह जो घर आंगन में खेल रहा था। उसी आंगन में मां खाना बना रही थी। आंगन में खेलने के दौरान छोटू ने गरम पानी को हाथों से खींच लिया। जिससे कि गर्म पानी बच्चे के ऊपर गिर गया। बच्चे की आवाज को सुनकर उसकी मां ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मदद की गुहार लगाई और ग्रामीणों ने इसकी सूचना नानगुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिना देर किए नानगुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां बच्चे की हालत को देखकर उसे बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेकाज के चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है जहां उसका उपचार जारी है। त्वरित कार्रवाई में नानगुर पुलिस के अलावा डॉयल 112 टीम के आरक्षक कैलाश ठाकुर व चालक योगेश कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आड़ावाल अस्पताल का ड्रेसर 2 साल से महारानी अस्पताल में अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आड़ावाल का अस्पताल ड्रेसर विहिन है। नगरनार स्टील प्लांट स्थापित होने के बाद इस मार्ग

- दुर्घटना बाद अस्पताल पहुंचे मरीजों का नर्स नहीं करती

पर रोजाना तेज रफतार के चलते दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटना के बाद आड़ावाल के अस्पताल पहुंचने पर ड्रेसर नहीं होने से मरीज का प्राथमिक उपचार नहीं हो पाता। अस्पताल में कार्यरत महिला नर्स का कहना है कि यह ड्रेसर का काम




### एक सप्ताह में भेजेंगे दूसरा ड्रेसर

महारानी अस्पताल में ड्रेसर नहीं होने से कमलेश पाणीग्राही को आड़ावाल वापस नहीं भेज पा रहे हैं। कलेक्टर को भी इसकी जानकारी दी गई है। एक वार्ड ब्वाय को तैयार कर रहे हैं। उसे ड्रेसर के काम के लिए आड़ावाल अस्पताल भेजा जाएगा। इसके लिए 1 सप्ताह का समय लग सकता है।

डॉ संजय बसाक, सीएमएचओ बस्तर जगदलपुर

है। इसलिए घायल को तत्काल ड्रेसिंग सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। आड़ावाल के उप सरपंच दिनेश जना ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 2 साल पहले यहां पदस्थ ड्रेसर कमलेश पाणीग्राही को ट्रेनिंग में महारानी अस्पताल भेजा गया था। जो आज तक वापस नहीं लौटे हैं। उन्हें महारानी अस्पताल में अटैच किया गया है। सीएमएचओ डॉ संजय बसाक से कई बार ड्रेसर को वापस भेजने का निवदेन किया गया है। वे हमेशा कहते हैं जल्दी भेज देंगे लेकिन आज तक ड्रेसर नहीं लौटा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आड़ावाल अस्पताल में रोजाना दुर्घटना के बाद घायल पहुंच रहे हैं। लेकिन त्वरित इलाज नहीं होने से मरीज को लाभ नहीं मिल रहा हैं। महिला नर्स कहते हैं यह काम ड्रेसर का है। ऐसे में यहां एक ड्रेसर का होना अति आवश्यक है। क्योंकि घायल का तत्काल इलाज नहीं होने से विवाद और तनाव की स्थिति बनती है।

